Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 118 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 28 अक्टूबर 2024

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:38 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:30 बजे

प्लास्टिक सर्जरी के दावों को...पेज-3 पर

News कॉर्नर

जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आतंकियों का हमला, सेना के वाहन पर बरसाई गोलियां

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आतंकियों ने सेना के वाहन को निशाना बनाया और कई राउंड फायरिंग की। सुरक्षा बल फिलहाल बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। अधिक जानकारी का इंतजार है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, आतंकवादी गोलीबारी करने के बाद मौके से भाग गए। फिलहाल सुरक्षा बल तलाशी अभियान चला रहे हैं। अधिक जानकारी की प्रतिक्षा है।

बीडी पांडे अस्पताल में हर रोज मरीजों में इजफा

नैनीताल। सर्दियों के चलते राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल में आने वाले अधितर मरीजों में अस्थमा और सीओपीडी शिकायत वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि जिला अस्पताल में अधिकतर मरीज 45 से 70 वर्ष के आ रहे हैं सीओपीडी के लक्षण खाँसी, बुखार तथा सीने में दर्द तथा पेशाब में जलन आदि तथा अस्थमा के लक्षण बार- बार छीक आना, सुखी खासी तथा सांस फूलना तथा आँखों मे खुजली व आँसू आना आदि है। बचाव के लिए अधिकतर सीओपीडी की शिकायत बीड़ी का सेवन करने वाले लोगो में पायी जा रही है, बचाव के लिए बीड़ी का सेवन ना करे स अस्थमा बुढों के साथ ही बच्चों मे भी पाया जा रहा है इससे बचाव के लिए सुबह शाम की ठंड से बचे। दीपावाली के साफ सफाई में धूल से बेचे, जिस किसी चीज से एलर्जी हो उस से बचाव करे स विटामिन सी वाले फ लो का सेवन करें तथा नमी से बचाव करे। चिकित्सक से सलाह लेने के बाद ही सही दवाई का सेवन करें। यह जानकारी जिला अस्पताल के डॉ. अभिषेक कुमार गुप्ता चेस्ट फि जीशियन ने दी है।

नया रिकॉर्ड: गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की संख्या 15 लाख पार

देहरादून
हमारे संवाददाता

गंगोत्री धाम में जहां अभी तक 8 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। वहीं, यमुनोत्री धाम में यह संख्या 7 लाख से अधिक पहुंच चुकी है। दोनों धामों के कपाट बंद होने में सप्ताहभर का समय शेष है, ऐसे में यह संख्या एक नया रिकॉर्ड बना सकती है। गंगोत्री व यमुनोत्री धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आंकड़ा 15 लाख पार पहुंच गया है। गंगोत्री धाम में जहां अभी तक 8 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। वहीं, यमुनोत्री धाम में यह संख्या 7 लाख से अधिक पहुंच चुकी है। दोनों धामों के कपाट बंद होने में सप्ताहभर का समय शेष है, ऐसे में यह संख्या एक नया रिकॉर्ड बना सकती है। चार धामों में प्रमुख गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट इस साल 10 मई को खुले थे। 17 दिनों में ही दोनों धामों में 4 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच गए थे। गत वर्ष की गंगोत्री धाम की यात्रा 207 और यमुनोत्री धाम की 208 दिन चली थी। लेकिन इस वर्ष यह यात्रा गंगोत्री में 177 और यमुनोत्री में 178 दिनों का यात्रा काल है। बावजूद इसके श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड संख्या देखने को मिल रही है। रविवार शाम तक ही दोनों धामों में कुल 1501563 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। इसमें यमुनोत्री धाम में जहां 700828 श्रद्धालु पहुंचे हैं। वहीं, गंगोत्री धाम में यह संख्या 800735 रही है। इस तरह दोनों धामों में आने वाले श्रद्धालुओं की एक दिन की औसत संख्या 8781 है। वहीं, गत वर्ष यह संख्या 7907 थी।

प्रधानमंत्री टाटा के प्लांट का करेंगे उद्घाटन

वडोदरा पहुंचे पीएम मोदी, स्पेन के राष्ट्रपति के साथ किया रोड शो

वडोदरा
एजेंसी

स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार की सुबह गुजरात के वडोदरा पहुंचे। वडोदरा में वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत करेंगे। स्पेन के राष्ट्रपति के भारत दौरे पर विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में बधाई देते हुए लिखा कि भारत में आपका स्वागत है। विदेश मंत्रालय ने कहा, स्पेन सरकार के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज वडोदरा पहुंचे, जो 18 वर्षों में किसी स्पेनिश राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा है। भारत-स्पेन संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए यह आधिकारिक यात्रा अहम है। वडोदरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने राष्ट्रपति सांचेज का स्वागत किया। अपनी यात्रा के दौरान स्पेन के राष्ट्रपति सांचेज, प्रधानमंत्री मोदी के साथ वडोदरा में वडोदरा विमान के फाइनल असेंबली लाइन प्लांट का उद्घाटन करेंगे, जो विमानन क्षेत्र में मेक इन इंडिया अभियान के तहत प्रमुख पहल है। इस प्लांट की स्थापना टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने एयरबस स्पेन के साथ मिलकर की है। स्पेन के राष्ट्रपति के वडोदरा दौरे के लिए शहर को खूबसूरत रोशनी से सजाया गया है। यह राष्ट्रपति सांचेज़ की भारत की पहली यात्रा है, जो 18 साल बाद हो रही है। राष्ट्रपति सांचेज मुंबई भी जाएंगे, जहां आधिकारिक कार्यक्रमों के अलावा, वे व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं, थिंक टैंक और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों से बातचीत करेंगे।

वे स्पेन-इंडिया काउंसिल फाउंडेशन और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित चौथे स्पेन इंडिया फोरम को संबोधित करेंगे। स्पेनिश राष्ट्रपति प्रमुख फिल्म स्टूडियो का भी दौरा करेंगे, जहां वे भारतीय फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियों से बातचीत करेंगे, ताकि भारतीय और स्पेनिश मीडिया और मनोरंजन उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

भाजपा को आशा से बड़ी आस, उपचुनाव के लिए कैंडिडेट चुना

देहरादून
हमारे संवाददाता

केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के सामने कांग्रेस के मनोज रावत मैदान में खड़े हैं। वह वर्ष 1996 में पहली बार ऊखीमठ वार्ड से निर्विरोध जिला पंचायत सदस्य चुनी गईं।

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक आशा नौटियाल को प्रत्याशी बनाया है। वर्ष 2017 के बाद वह एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद वर्ष 2002 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में वह केदारनाथ विस की पहली विधायक चुनी गईं, तब वह भाजपा से प्रत्याशी थीं।

वर्ष 2007 में भी उन्हें क्षेत्रीय जनता ने अपना विधायक चुना था। इसके बाद दो बार चुनाव में उन्हें पराजय मिली। ऊखीमठ विकासखंड के दिलमी गांव निवासी आशा नौटियाल एक सामान्य परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पति रमेश नौटियाल पत्रकारिता से जुड़े रहे हैं। वह वर्ष 1996 में पहली बार ऊखीमठ वार्ड से निर्विरोध जिला पंचायत सदस्य चुनी गईं। इसके बाद वर्ष 1997-98 में उन्हें भाजपा ने जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी और वर्ष 1999 में उन्हें महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चुना गया। सौम्य व्यवहार और निरंतर जनसंपर्क की वजह से वर्ष 2002 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में आशा नौटियाल को भाजपा ने केदारनाथ विस से प्रत्याशी बनाया और वह विजयी हुईं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दिवंगत विधायक शैलारानी रावत को पराजित किया था।

सीजन में पहली बार रेड जोन में पहुंचा ग्रेनो का वायु प्रदूषण

नई दिल्ली
एजेंसी

रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 312 दर्ज किया गया, जबकि नोएडा का एक्यूआई 304 रहा। देश में ग्रेनो तीसरा और नोएडा 5वां सबसे प्रदूषित शहर रहे।

शहर में वायु प्रदूषण का स्तर इस सीजन में पहली बार 300 के पार रेड जोन में पहुंच गया हैं। रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 312 दर्ज किया गया, जबकि नोएडा का एक्यूआई 304 रहा। देश में ग्रेनो तीसरा और नोएडा 5वां सबसे प्रदूषित शहर रहे। सर्दी शुरू होने के साथ ही दिल्ली-एनसीआर की हवा प्रदूषित होना शुरू हो जाती है। दिल्ली का एक्यूआई कई दिन पहले रेड जोन में 300 के पार पहुंच चुका है। नोएडा का एक्यूआई भी रेड जोन में पहुंच गया था, लेकिन ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई येलो और ऑरेंज जोन में था। शनिवार को ग्रेनो का एक्यूआई 232 रहा था। रविवार को सबसे अधिक ग्रेनो वेस्ट में स्थिति खराब रही। यहां एक्यूआई 330 से अधिक रहा है। यूपीपीसीबी का कहना है कि दो दिन से प्रदूषण का स्तर अचानक से बढ़ा है। सड़कों की धूल पर नियंत्रण नहीं है।

जून के बाद रेड जोन में पहुंचा एक्यूआई

ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई जून में रेड जोन में पहुंचा था। बारिश के कारण जूलाई, अगस्त और सितंबर में हवा काफी अच्छी रही थी, लेकिन अक्तूबर में ज्यादातर समय प्रदूषण रेड और येलो जोन में रहा।

दिवाली से पहले केजरीवाल का बड़ा एलान, पानी के बिल होंगे माफ

नई दिल्ली
हमारे संवाददाता

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर अपना वादा दोहराया है। उन्होंने कहा है कि दोबारा मुख्यमंत्री बना दो, सारे पुराने पानी के बिल माफ कर देंगे।

वजीरपुर विधानसभा में बीते रोज को पदयात्रा कार्यक्रम के तहत पहुंचे आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल का लोगों से भव्य स्वागत किया। केजरीवाल स्थानीय विधायक और कार्यकर्ताओं के साथ बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों, दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों से मिले। केजरीवाल ने कहा कि पानी का बिल बढ़कर आ रहा है तो उसे भरने की जरूरत नहीं है। फरवरी में चुनाव के बाद सभी के पानी के बिल माफ करवा देंगे। 10 साल पूरी ईमानदारी से काम किया, पूरे देश में कहीं इतने काम नहीं हुए जितने दिल्ली में हुए हैं। सभी को मुफ्त बिजली, अच्छी शिक्षा और इलाज मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा वाले कहते हैं कि दिल्ली की जनता को कुछ भी फ्री नहीं देना चाहिए।

उन्होंने जनता से संवाद करते हुए कहा कि पहले रोज 10-10 घंटे के पावर कट लगते थे। पूरी रात बिजली नहीं रहती थी। लोगों को जनरेटर और इनवर्टर खरीदने पड़ते थे। लेकिन अब किसी के घर में इनवर्टर नहीं है। लोगों को 24 घंटे बिजली मिलती है। पूरे देश में सिर्फ दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है और कहीं नहीं आती है। केजरीवाल ने कहा कि पानी फ्री किया है। लेकिन, लोगों के पानी के बिल बहुत आए हुए हैं। जेल में डालने के बाद लोगों को परेशान करने के लिए इतने बिल बना कर भेज दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोबारा मुख्यमंत्री बना दो, सारे पुराने पानी के बिल माफ कर देंगे। दिल्ली की जनता को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने देंगे।

धूमधाम से मनाया बिड़ला विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव

नैनीताल

हमारे संवाददाता

शिक्षा नगरी नैनीताल शहर का प्रतिष्ठित बिड़ला विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। समारोह में विद्यालय के छात्रों ने जिम्नास्टिक्स तथा ताइकवानडो और मास पीटी में शानदार प्रदर्शन किया।

बता दें कि मास पीटी में लगभग 400 बच्चों ने एक साथ भाग लिया। रंग बिरंगी ड्रेस में ये बच्चे बहुत ही आकर्षक लग रहे थे। प्रस्तुति के दौरान अलग-अलग आकृतियां बनाकर बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी और संस्कृतिक कार्यक्रमों ने अभिभावकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि कॉमोडोर तथा कालेज के पूर्व छात्र विजेश कुमार गर्ग (वीएसएम) रहे। इससे पूर्व समारोह की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर की। इसके बाद छात्रों ने जिम्नास्टिक्सए ताइकवाडो और मास पीटी के अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया। संस्कृतिक प्रोग्रामों में छात्रों ने संगीतए नृत्य और अभिनय का अद्भुत प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा हमें अपने छात्रों की प्रतिभा पर गर्व है। वे हमेशा नई ऊंचाइयों को छूते हैं।

आज का दिन हमारे स्कूल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वार्षिकोत्सव का अवसर हमारी उपलब्धियों का जश्न मनाने काए नए संकल्प लेने का और भविष्य की योजनाओं को बनाने का है। मैं अपने सभी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देता हूं। आपकी सफलता हमारे लिए गर्व की बात है। हमारे शिक्षकों को भी धन्यवाद जिनकी दिशा और मार्गदर्शन से विद्यार्थी सफलता की ओर बढ़ते हैं। अंत में विद्यालय के छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

वर्ष 2024 के ओवरआल चैंपियंस का खिताब सीनियर वर्ग में टैगोर हाउस को दिया गया और उपविजेता विवेकानंद हाउस रहा। जूनियर वर्ग में ओवरऑल चैम्पियन रमन हाउस रहा। वहीं एथलेटिक मीट में सीनियर ग्रुप में ग्रुप चैंपियन का खिताब रीवा चौधरी और ग्रुप बी में एथलेटिक चैंपियन का किताब गौरवादित्य सिंह बिष्ट तथा ग्रुप सी में शिवांश सिंह और ग्रुप डी में सम्राट मौर्या ने अपने नाम किया। वार्षिकोत्सव ने एक बार फि र साबित किया कि बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल छात्रों की प्रतिभा को निखारने का एक आदर्श मंच है। इस मौके पर विद्यालय के प्रबन्धक संजय गुप्ता, विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राकेश मुलासी, हेडमास्टर अजय कुमार शर्मा, खेल विभाग के पृथ्वीराज सिंह किरौला तथा लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गढिया व अजय नारायण मिश्रा समेत जतिन ग्रोवर, नीरज सक्सेना, बृजेश पांडे, गुरतेज सिंह व आलोक अस्थाना आदि उपस्थित थे। अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने सभी का आभार जताया।

धूमधाम से मनाया द पाइन क्रेस्ट एकेमेन्टरी स्कूल का वार्षिकोत्सव

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के अयारपाटा स्थित प्रतिष्ठित द पाइन क्रेस्ट एकेमेन्टरी स्कूल का शनिवार को दूसरा वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर मौजूद दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी तथा भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। समारोह की शुरुआत गणेश वंदना से हुई,उसके बाद विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर डीएसबी परिसर की छात्राओं द्वारा तबले पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। बच्चों ने अंग्रेजी गाने व हिंदी गीतों पर जमकर ठुमके लगाएं। इस मौके पर विधायक सरिता आर्य व समाजसेवी कविता गंगोला ने स्कूली बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति की सरहाना की तथा कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों के पठन पाठन के अलावा बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जोड़ने की अनूठी पहल कर रहा है वह वाकई सराहनीय है। कहा कि स्कूल में पठन-पाठन के साथ ही अन्य क्रिया कलापों से बच्चों के सर्वांगीर्ण विकास किया जा रहा है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनोज जोशी समेत मोहित लाल साह, उप प्रधानाचार्य फराना खान, कोऑर्डिनेटर भावना आर्या समेत सुमन आर्य, जया तिवारी तथा भूपेंद्र बिष्ट, नैनी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य गिरीश सनवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहें। संचालन लवली जोशी द्वारा किया गया।

नियमितीकरण की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत 115वें दिन भी जारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत आंदोलन रविवार को 115वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि नियमितीकरण की मांग को लेकर अपनी तरह का अनोखा पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहा पौधारोपण रविवार को 115वें दिन भी जारी रहा। उनके नेतृत्व में रविवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारियों ने पिथौरागढ़ के पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया तथा पूर्व में लगाए गए पौधों की देख-रेख भी की गई । उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों की धैर्य की परीक्षा ले रही है जिसमें निगम कर्मचारी सफ ल होंगे और जब तक नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 जारी नहीं होती है तब तक राज्यहित में निगम कर्मचारी अपना कार्य करते रहेंगे और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जारी रहेगा । कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, गोपाल सिंह बिष्ट, नरेंद्र थापा, दीपक, विजय बोरा तथा नरेंद्र गढिया शामिल रहे। कार्यक्रम में बीआरओ के पूर्व सहायक अभियंता मनोहर सिंह कन्याल तथा पी एस पिंगल ने शामिल होकर पौधारोपण किया।गुरुरानी ने कहा कि कुमाऊँ मंडल विकास निगम प्रबंधन द्वारा तो निगम कर्मचारियों को बोनस दे दिया गया है लेकिन गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारियों को बोनस नहीं दिया गया है । उनकी प्रबंध निदेशक से हुई वार्ता में सहमति दी गई थी। पुनः निवेदन किया है की गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारियों को भी शीघ्र बोनस दिया जाए व निगम स्तर की समस्याओं का समाधान किया जाए।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

भारत के प्रथम लेखक गांव में फ्रॉम द पेन ऑफ सर्जनस पुस्तक का लोकार्पण किया

देहरादून

हमारे संवाददाता

नैनीताल पद्मश्री डॉ. बीके एस. संजय एवं ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय द्वारा लिखित फ्रॉम द पेन ऑफ सर्जनस पुस्तक का केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक एवं केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा द्वारा भारत के प्रथम लेखक गांव में लोकार्पण किया गया। पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथिगणों में परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के निदेशक पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती , उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खन्डूरी, संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष तनेजा, टेगौर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। इस दौरान पुस्तक के लेखकों ने बताया कि भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य हर व्यक्ति की बुनियादी आवश्यकताएँ है। जिनके महत्व के बारे में आम जनता को जागरूक करने की आवश्यकता हैं। पुस्तक के लेखकों का मानना है कि परिवर्तन एक सार्वभौमिक नियम है और किसी भी परिवर्तन के लिए विचारों को बदलने की आवश्यकता है पुस्तक ज्ञान और विचारों को बदलने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। यह पुस्तक भी लोगों के विचारों को बदलने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएगी।

पुस्तक की भूमिका लाल बहादुर शास्त्री अकादमी मसूरी के पूर्व निदेशक एवं इतिहासकार आईएएस डॉ. संजीव चोपड़ा एवं संदेश राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी द्वारा लिखा गया है। लेखकों ने इस पुस्तक में उजागर किया गया है और पुस्तक प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई है।

NEWS / फटाफट

भाजपा परिवार में नारी सशक्तिकरण नारा नहीं बल्कि जमीनी हकीकत: विजया लक्ष्मी

हल्द्वानी। प्रदेश सह मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा एडवोकेट विजया लक्ष्मी चौहान ने केदारनाथ उपचुनाव में प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा नौटियाल को शीर्ष नेतृत्व के द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया एवं आशा नौटियाल जी को बधाई दी। एडवोकेट विजया लक्ष्मी चौहान ने कहा कि भाजपा परिवार में नारी सशक्तिकरण नारा नहीं बल्कि जमीन पर जमीनी हकीकत है और इसका प्रमाण है आशा नौटियाल को प्रत्याशी बनाया जाना। एडवोकेट विजया लक्ष्मी चौहान ने विश्वास जताया कि बाबा बद्री केदार के आशीर्वाद से एवं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आशा नौटियाल जी केदारनाथ उपचुनाव में भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगी।

भाजपाइयों ने सुना मन की बात के 115वें एपिसोड को

नैनीताल। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 115वें एपिसोड को बड़े उत्साह के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर प्रधानमंत्री के विचारों पर चर्चा की और उनकी योजनाओं के प्रति समर्थन जताया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मोदी की बातों को स्थानीय स्तर पर लागू करने का संकल्प लिया जिससे क्षेत्र के विकास में योगदान किया जा सके। रविवार को प्रधानमंत्री ने मन की बात का प्रारम्भ दो महापुरुषों जिनमें झारखंड के रिहातू गांव के विरशामुंडा की जन्मस्थली की यात्रा के बारे में बताया। इस वर्ष ऐसे दो महापुरुष जिनकी 150वीं जयंती इस वर्ष पूरी हो रही है उनकी जयंती को मनाया जाएगा जिनमें सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर से प्रारंभ होगी व विरशामुंडा की 150 वी जयंती 15 नवंबर से प्रारम्भ होगी और भारत सरकार इसको संपूर्ण देश में मनायेगी। मोदी ने लोकल फ ोर वोकल को भी बढावा देने की बात कही। मोदी ने बताया कि एनीमेशन फि ल्म में भारत दुनिया में अपना डंका बजा रहा है।

यातायात नियमों का उलंघन करना पर्यटक को पड़ा महंगा

नैनीताल। नगर के मल्लीताल क्षेत्र में यातायात नियमों का उलंघन करना पर्यटक को महंगा पड़ गया। कार की नंम्बर प्लेट के फैंसी तथा ब्लैक फिल्म व अतिरिक्त लाइट लगाने पर पुलिस ने युवक का 5500 रुपएं का चालान किया। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ऊधमसिंह नगर निवासी रिणु राणा यूके 04 टीएम- 2891 से मल्लीताल कोतवाली क्षेत्र से मस्जिद तिराहे की ओर जा रहा था। इस दौरान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह चैकिंग में जुटे हुए थे। इस दौरान कोतवाल सिंह ने कार की नंम्बर प्लेट को फैंसी रूप में देखा तो कार रोक ली। कार रोककर कार की तलाशी ली गयी तो कार के सीसों में काली फिल्म लगी हुई थी इतना ही नहीं कार में अतिरिक्त लाइट लाइट लगाई गई थी। इस पर कोतवाल सिंह ने चलानी कार्रवाई के लिए कहा तो पर्यटक फ ोन पर बात करने को कहने लगा। जिस पर कोतवाल ने चालान कर दिया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि कार में फैंसी नंबर प्लेट लगाने तथा सीसो पर काली फिल्म व अतिरिक्त फैंसी लाइट लगाने पर ऊधमसिंह नगर निवासी रिंगु राणा के खिलाफ एमवीएक्ट के तहत 5500 रुपएं की चालानी कार्रवाई की गयी है।

पटाखों के धुंए से सेहत के बचाव की जानकारी दी

नैनीताल । दीप पर्व दीपावली के दौरान पेंट व पटाखों के धुंए से कई लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल के वरिष्ठ फि जिशियन डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल की ओर से इन दिनों अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को उपचार के साथ दीपावली में बचाव की भी जानकारी दी जा रही है। डा.दुग्ताल ने बताया कि दीपावली के दौरान घरों में पेंट किया जाता है साथ ही दीपावली में बच्चे पटाखे जलाते हैं। कई लोगों को पेंट की दुर्गंध से एलर्जी होती है वहीं पटाखों से निकलने वाला धुआं कई हानिकारक कैमिकल छोड़ता है। कहा कि जो बच्चों की आंखों में जलन पैदा कर सकता है जिससे आंखों में दर्द भी होता है। वहीं अस्थमा के मरीजों को पटाखों के धुंए से दिक्कतें हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि अस्थमा के मरीज पटाखों के धुंए से दूर रहें।

हर्षिका ने जीते राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक

नैनीताल । सात वर्ष की नन्ही बालिका हर्षिका रिखाड़ी ने राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीते हैं। बता दें कि 26 और 27 अक्टूबर को सकौती टांडा उत्तर प्रदेश में भारत योग स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय योगा चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमें हल्द्वानी की रहने वाली सात साल की नन्ही हर्षिका रिखाड़ी ने ट्रेडिशनल और आर्टिस्टिक योगा दोनों में दो स्वर्ण पदक जीतकर हल्द्वानी के साथ साथ पूरे उत्तराखंड का नाम रोशन किया। बता दें कि हर्षिका इससे पूर्व जिला तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अभी तक लगभग 20 से 22 पदक जीत चुकी है। हर्षिका रिखाड़ी को पिछले माह सितंबर में राजधानी दिल्ली के लाजपत भवन ऑडोटोरियम में राष्ट्रीय महाशिखर सम्मेलन में योग रत्न के विशेष सम्मान से सम्मानित किया था।

दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं ससुराली

हल्द्वानी। एक महिला ने पति और ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पाल कॉम्पलैक्स बरेली रोड हल्द्वानी निवासी प्रीतनैन कौर नरूला पुत्री सुरेंद्र सिंह ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है उसका विवाह जसदीप सिंह चड्ढा पुत्री सुरेन्द्र सिंह निवासी निकट पाल काप्लेक्स बरेली रोड, हल्द्वानी से हुआ था, लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने दहेज के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। प्रार्थिनी ने 22 जुलाई 2024 को चौकी प्रभारी मंगलपडाव को एक प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि सास गुरविंदर कौर चड्ढा और पति जसदीप ने शादी के दौरान दिए गए दहेज और नगद राशि के बाद भी संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने आगे कहा कि उनके पिता द्वारा दिए गए सामान और हुंडई क्रेटा कार से भी ससुराल वालों का दिल नहीं भरा। इसके बाद, वह नई फैक्ट्री स्थापित करने के लिए 2 करोड़ रुपये और जमीन की मांग करने लगे। पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाए समझौते का प्रयास किया।

अभिमत

बीमार स्वास्थ्य विभाग

सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों के पदों की रिक्तियां पूरी करना कठिन माना जा सकता है, परन्तु नर्सों की कमी को स्वीकार करने का कोई कारण नहीं है। राज्य के नर्सिंग कालेजों से हर साल सैकड़ों योग्य और प्रतिभावान नर्स उत्तीर्ण होकर रोजगार तलाशती हैं। सरकारी अस्पतालों में चयन प्रक्रिया जटिल होने से निजी अस्पतालों में कम वेतन पर हजारों की संख्या में नर्स कार्यरत हैं। हल्द्वानी के महिला अस्पताल में पर्वतीय क्षेत्र की नर्स काम करने को प्राथमिकता देती हैं, ऐसी स्थिति में महिला अस्पताल में नर्स पर्याप्त संख्या नहीं होने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराना अनुचित नहीं होगा।

उत्तराखंड में चिकित्सा व्यवस्था की हालत में सुधार के लिए राज्य सरकार समय-समय पर प्रयास करती रहती है, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि स्वास्थ्य विभाग खुद बीमार है। कुमाऊं का एजुकेशन और मेडिकल हब हल्द्वानी के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा की पूरी व्यवस्था नहीं है। महिला अस्पताल में नर्सों की कमी से नवजात शिशु के इलाज के लिए सिक न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) का संचालन प्रभावित हो रहा है। शिशुओं को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर करना पड़ता है। महिला अस्पताल में प्रतिमाह करीब साढ़े तीन सौ प्रसव होते हैं। उधर एसटीएच में डेंगू से एक महिला की मौत और उसके परिवार के तीन अन्य सदस्यों के डेंगू से पीड़ित होने के कारण हल्द्वानी महानगर में डेंगू के प्रकोप से लोग भयभीत हैं। एसटीएच कुमाऊं का सबसे बड़ा अस्पताल है। कुमाऊं मंडल के छह जिलों के गंभीर मरीजों के उपचार की जिम्मेदारी एसटीएच पर है। उत्तराखंड की सीमा के निकट उत्तर प्रदेश के कई जिलों के मरीज भी एसटीएच में इलाज के लिए पहुंचते हैं। हल्द्वानी में निजी अस्पतालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च वहन करने में सक्षम है। कई बार निजी अस्पताल भी गंभीर मरीज को एसटीएच के लिए रेफर करते हैं। समाज के बहुसंख्यक वर्ग, मध्यम व निम्न आय के मरीज का भरोसा सरकारी अस्पतालों पर है। राजकीय मेडिकल कालेज का अस्पताल होने से एसटीएच में विशेषज्ञ चिकित्सक हैं। चिकित्सा की आधुनिक मशीनें एसटीएच में हैं। डाक्टरों की कमी एसटीएच, बेस अस्पताल और महिला अस्पताल में हमेशा बनी रहती है। राज्य सरकार की ओर से प्रयास करने पर सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार का क्रम भी जारी रहता है। सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों के पदों की रिक्तियां पूरी करना कठिन माना जा सकता है, परन्तु नर्सों की कमी को स्वीकार करने का कोई कारण नहीं है। राज्य के नर्सिंग कालेजों से हर साल सैकड़ों योग्य और प्रतिभावान नर्स उत्तीर्ण होकर रोजगार तलाशती हैं। सरकारी अस्पतालों में चयन प्रक्रिया जटिल होने से निजी अस्पतालों में कम वेतन पर हजारों की संख्या में नर्स कार्यरत हैं। हल्द्वानी के महिला अस्पताल में पर्वतीय क्षेत्र की नर्स काम करने को प्राथमिकता देती हैं, ऐसी स्थिति में महिला अस्पताल में नर्स पर्याप्त संख्या में नहीं होने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराना अनुचित नहीं होगा। पर्वतीय क्षेत्र के अस्पतालों की स्थिति सुधारने में सरकार नाकाम है। हल्द्वानी और अन्य बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए।

हल्द्वानी में धनतेरस पर ट्रैफिक प्लान देखकर निकलें

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी में पुलिस ने 29 अक्टूबर के लिए रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह डायवर्जन सुबह नौ बजे से शुरू होकर रात 10 बजे तक लागू रहेगा। पुलिस ने वाहन स्वामियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की है। धनतेरस के मौके पर शहर में खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। इसे देखते हुए पुलिस ने 29 अक्टूबर के लिए रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह डायवर्जन सुबह नौ बजे से शुरू होकर रात 10 बजे तक लागू रहेगा। पुलिस ने वाहन स्वामियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की है। इस दौरान सभी छोटे और बड़े वाहनों की एंट्री मंगलपड़ाव और सिंधी चौराहे की तरफ बंद रहेगी।

बसों के लिए यह रहेगा रूट:

- रामपुर रोड से आने वाली बसें- टीपीनगर तिराहा से गौला बाइपास, नरीमन तिराहा होते हुए तिकोनिया से बस स्टेशन पहुंचेंगी।
- बरेली रोड से आने वाली बसें- तीनपानी तिराहा से गौला बाइपास, नरीमन तिराहा और तिकोनिया के रास्ते निकाली जाएंगी।
- कालाढूंगी रोड से आने वाली बसें- ऊंचापुल चौराहा से पनचक्की, हाइडिल तिराहा होते हुए रोडवेज स्टेशन भेजी जाएंगी।
- पर्वतीय क्षेत्र से आने वाली बसें = नैनीताल रोड से सीधे तिकोनिया चौराहा होते हुए रोडवेज स्टेशन तक पहुंचेंगी।

यहां से जाएंगे छोटे वाहन:

- बरेली रोड से आने वाले वाहन = तीनपानी तिराहा से डायवर्ट होकर गौला बाइपास से निकाले जाएंगे।
- रामपुर रोड से आने वाले छोटे वाहन- आईटीआई तिराहा से डायवर्ट कर मुखानी चौराहा, पनचक्की तिराहा से निकलेंगे।

निर्धारित स्टैंड से नहीं मिलेंगे ऑटो और मैजिक

- कालाढूंगी चौराहा और भोलानाथ स्टैंड -जेल रोड तिराहा से संचालित होंगे।
- ओके होटल के दोनों ऑटो स्टैंड -बर्फ वाली गली से संचालित किए जाएंगे।
- सिंधी स्वीट्स मैजिक स्टैंड- एचएन इंटर कॉलेज रामपुर रोड से संचालित होगा।

खरीदारी करने आने वाले यहां पार्क करेंगे वाहन

- नैनीताल रोड से आने वाले वाहन- ठंडी सड़क में पार्क करेंगे।
- कालाढूंगी रोड से आने वाले वाहन-पर्वतीय उत्थान मंच हीरानगर में पार्क करेंगे।
- बरेली रोड से आने वाले वाहन- गांधी इंटर कॉलेज और लक्ष्मी शिशु मंदिर में पार्क करेंगे।
- रामपुर रोड से आने वाले वाहन एचएन इंटर कॉलेज में वाहन पार्क करेंगे।
- बाजार के व्यापारी अपने दोपहिया वाहन सरस मार्केट की पार्किंग, सिंधी चौराहे के पास और मिनी स्टेडियम के पास सड़क पर पार्क करेंगे

पेशन जागरूकता शिविर का आयोजन

नैनीताल। मुख्य कोषाधिकारी नैनीताल दिनेश कुमार राणा की अध्यक्षता में कोषागार नैनीताल द्वारा सोमवार (आज) को प्रात: 10 बजे से अपराह्न दो बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर तल्लीताल नैनीताल में पेशन जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

राणा के मुताबिक शिविर में ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र जमा किए जाने में आ रही समस्याओं का समाधान किया जाएगा साथ ही ऑनलाइन मोबाइल एप्लीकेशन से जीवित प्रमाण पत्र जमा किए जाने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही एसजीएचएस गोल्डन कार्ड तथा पेंशन पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने समस्त पेंशनर व पारिवारिक पेंशनरों इस महत्वपूर्ण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी पेंशन संबंधी नवीन जानकारी ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्रए गोल्डन कार्ड तथा पेंशन से संबंधित किसी भी समस्या के निस्तारण हेतु शिविर का लाभ उठाने की गुजारिश की है।

ऑल सेन्ट्स कॉलेज में एथलेटिक मीट का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेन्ट्स कॉलेज नैनीताल में शनिवार को वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। मीट का शुभारंभ टार्च जलाकर विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन जर्माया ने किया। इसके उपरांत सभी सदनों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथिए बहुमुखी प्रतिभा के धनीए ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार को सलामी दी। इ

सके बाद सभी छात्राओं ने स्प्रिंटए रीले, हर्डल, रस्सी कूद तथा मेडले व ऑब्सटेकल दौड़ आदि में अपनी धावक प्रतिभा का प्रदर्शन किया व सभी दर्शकों से खूब वाह वाही बटोरी। इन दौड़ो में पिछले सालों के कई रिकॉर्ड भी ध्वस्त हुए। इस दौरान वर्ष भर होने वाली क्रीडा प्रतियोगिताओं के लिए भी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट एथलीट डी वर्ग में अमानत कौर शोकर को तथा सी वर्ग में हृदया चौधरी को तथा बी वर्ग में इप्सा जायसवाल को व ए वर्ग में पूर्वी पोखरिया को दिया गया। दुआ स्पेशल अवार्ड से ताश्वी बंसल और ग्वेनेथ अमारा सनवाल को नावाजा गया। सभी विजयी धावकों को पुरुस्कार वितरण

अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार ने सभी छात्राओं को बधाई दी।

उन्होंने छात्राओं द्वारा किये गए सफल प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की व पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों मे बालिकाओं की प्रतिभा निखारने मे ऑल सेंट्स कॉलेज मे भूमिका को अहम् बताया। एथलेटिक मीट 2024 मे डोरोथी किंग सदन ने 174 अंक प्राप्त किए और एथलेटिक शील्ड अपने नाम की। रॉबिंसन सदन व मिलमन सदन क्रमशः 122 व 108 अंक प्राप्त कर द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। अंत में ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्या किरन जर्माया ने सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावकों को ऑल सेंट्स कॉलेज को हाल ही में मिले नंबर 1 इन इंडिया एंड उत्तराखंड विंटेज लीगेसी गर्ल्स डे कम बोर्डिंग स्कूल अवार्ड के लिए बधाई दी और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान नैनीताल नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सचिन नेगी समेत लॉंग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी, सनवाल स्कूल की रीता सनवाल, करिश्मा सनवाल, वृंदावन पब्लिक स्कूल के आलोक साह समेत हसन रजा, गीता साह व शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों सहित सभी छात्राओ के अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन ज्योतिका गिल व सीमा ठुलघरिया ने किया।

फिल्मी दुनिया

प्लास्टिक सर्जरी के दावों को नयनतारा ने किया खारिज

बीते दिनों ऐसी खबरें खूब सामने आईं जिनमें दावे किए गए कि नयनतारा ने चेहरे पर प्लास्टिक सर्जरी कराई है। अब नयनतारा ने ऐसे दावों पर चुप्पी तोड़ी है और इन्हें सिर्फ अफवाह बताया है। नयतनारा ने अपने चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी से जुड़े दावों को खारिज कर दिया है। साउथ की लेडी सुपरस्टार को लेकर बीते दिनों तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए गए कि उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी कराई है। ऐसी खबरों पर नयनतारा ने प्रतिक्रिया दी है। एक हालिया इंटरव्यू में नयनतारा ने ऐसी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने कभी अपने चेहरे में कोई बदलाव नहीं किया है। नयनतारा ने यह भी खुलासा किया कि वर्षों से वक्त-वक्त पर उनका चेहरा अलग क्यों लगता है। नयनतारा ने Hautterfly से बातचीत के दौरान कहा कि हर रेड कार्पेट इवेंट से पहले उन्हें अपनी आईब्रो पर काम करना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, मुझे आईब्रो बनाना अच्छा लगता है। इन्हें परफेक्ट बनाने के लिए मैं भरपूर समय लेती हूं, क्योंकि लुक के मामले में ये गेम चेंजर की तरह हैं। वर्षों से इसकी वजह से मेरा चेहरा अलग लगता रहा है। शायद इसीलिए लोगों ने सोचा हो कि मेरा चेहरा बदल गया है। मैं अलग दिखती रहू हूं।

डाइट के चलते हुए बदलाव

नयनतारा ने प्लास्टिक सर्जरी कराने की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा, बहुत से लोग सोचते हैं कि मैंने अपने चेहरे पर कुछ किया है। लेकिन, यह सच नहीं है। रिकॉर्ड पर, सच नहीं है। ऐसा नहीं है कि यह गलत है, लेकिन मेरे लिए यह सिर्फ डाइट के चलते रहा है। वजन में बहुत उतार-चढ़ाव हुए, मेरे गाल कभी अंदर तो कभी बाहर आ गए। आप मुझे चुटकी काट सकते हैं। छूने पर आपको खुद मालूम चल जाएगा कि कोई प्लास्टिक नहीं है।

राष्ट्रीय स्तर हैण्डबॉल प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को किया सम्मानित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनता इंटर कॉलेज रूद्रपुर के दो छात्रों ने राज्य स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना स्थान छत्तीसगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता हेतु चयनित छात्रों को विद्यालय ने सम्मानित किया।

राज्य स्तरीय विद्यालयी हैण्ड बॉल प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून में सम्पपन्न हुआ। जनता इंटर कालेज रूद्रपुर के छात्रों ने जिला ऊधम सिंह नगर का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय हैण्ड बॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस पर सब जूनियर वर्ग में दो छात्रों अरूण कक्षा 7 और सुमित राज कक्षा 9 का चयन राष्ट्रीय स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया। छात्रों के चयनित होने पर विद्यालय में हर्ष की लहर दौड़ गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने छात्रों को सम्मानित किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश कुमार अरोरा ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल

भविष्य की कामना की। और विद्यालय के खेल प्रशिक्षक दीप कुमार पन्त को भी बधाई प्रेषित की। बताया कि पठन-पाठन के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को विभिन्न खेल और अन्य गतिविधियों में भी प्रतिभाग करना चाहिए जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास होता है और वे मानसिक व शारीरिक रूप से भविष्य के लिए तैयार होते है। विद्यालय प्रबन्ध समिति ने भी इस उपलब्धि के लिए छात्रों व उनके खेल प्रशिक्षक को बधाई दी। इस अवसर पर संजय आर्य, भुवन चन्द डूंगराकोटी, महेन्द्र कुमार, अर्जुन सिंह, पंकज कुमार, अमित कपूर, रंजीत राज, सुनील कुमार, संजीत चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

News कॉर्नर

पटवाडांगर मार्ग गड्ढामुक्त हुआ

नैनीताल । लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के निर्देश पर समीपवर्ती पटवाडांगर मार्ग में एक सप्ताह पूर्व हुआ आधा अधूरा पैच कार्य अब पूरा किया जा चुका है। सडक् के गड्ढों में पैच लगने के बाद अब सडक् गड्ढामुक्त हो गई है जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि नगर के समीपवर्ती बल्दियाखान पटवाडांगर के तीन किलोमीटर लंबी सडक् पर पीडब्लूडी की ओर से एक सप्ताह पूर्व पैच कार्य कराया गया था। पैच कार्य को सप्ताह भर ही हुआ था कि पैच कार्य उखडने् लगा था जिससे रेता सडक् में फैल गया था। रेता सडक् में फैलने से दो पहिंया वाहन सवारों का रपटने का भय बना हुआ था जिसकी शिकायत मिलने पर खबर लोनिवि के अधिशासी अभियंता रवेश सक्सेना ने ठकेदार से तुरंत कार्य पूरा कराया जिसके बाद सडक् गड्ढा मुक्त हो गई है। अब लोगों को आवाजाही में सुविधा मिल रही है।

तलीताल पुलिस ने की बिडला क्षेत्र में गश्त

नैनीताल। जिले के पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर तल्लीताल पुलिस की ओर से बिडला क्षेत्र में गश्त की । गश्त के दौरान अनाउंसमेंट कर क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने की अपील भी की गयी। इस दौरान पुलिस ने बिना डीएल व दस्तावेज बाइक चलाने पर दो युवकों की बाइक सीज की। रविवार को तल्लीताल पुलिस ने बिडला व भोटिया बैंड में गश्त की। इस दौरान कई नशेडी युवक पुलिस के हाथ लगे जिनकी मौके पर ही काउंसलिंग की गई। वहीं लोगों से वार्ता कर क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने की मांग की।

नैनीताल में सर्दी ने शुरू होते ही ठंड ने पैर पसारना किया शुरू

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में सर्दी ने शुरू होते ही ठंड ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिया है। करीब एक सप्ताह से ठंड में हो रही बढोत्तरी की वजह से बाजार में हीटर और ब्लोअर की मांग बढ़ गई है।

बाजार में सबसे ज्यादा फैन हीटर को लोग पसंद कर रहे हैं। यह देखने में आकर्षक हैं, इसकी कीमतें एक हजार रुपये से शुरू हैं। इसके अलावा भी ठंड से बचाव के लिए बहुत से नए उपकरण बाजार में मौजूद हैं। सर्दी से बचाव करने के लिए लोगों में गर्मी देने वाले संसाधनों की मांग बढ़ गई है। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं वहीं घरों में लोग अलाव से ज्यादा रूम हीटर व ब्लोअर को पसंद करते हैं। वजह लोगों को धुए से नहीं जूझना नहीं पड़ता है, ऐसे में इलेक्ट्रिक दुकानों पर हीटर और ब्लोअर की मांग बढ़ गई है। बीते एक सप्ताह के अंदर हीटर और ब्लोअर की बिक्री में बढने् लगी है। ब्रांडेड कंपनियों के हीटर व ब्लोअर की बिक्री सबसे ज्यादा है। इसमें उन्हें गारंटी भी मिल रही है। बाजार में विभिन्न प्रकार की इलेक्ट्रिक दुकानों पर 250 रुपये से लेकर ब्रांडेड कंपनियों के 9800 रुपये तक के रूम हीटर उपलब्ध हैं, इनमें ब्लोअर 1000 रुपये, सन हीटर 900 रुपये तथा हेलोजन थ्री रॉड वाली 1400 रुपये जबकि फैन हीटर 100 रुपये तथा हीट प्लर 1600 रुपये तथा ओएफ आर 9800 रुपये का है। इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी अशिफ ने बताया कि इन दिनों केवल रूम हीटर व ब्लोअर की ही बिक्री ज्यादा हो रही है। दो हजार रुपये से लेकर 3000 रुपये तक के हीटर व ब्लोअर उपलब्ध हैं,वहीं सुमित ने बताया की सबसे ज्यादा लोग फैन हीटर पसंद कर रहे हैं। सन हीटर के साथ ब्लोअर की मांग ज्यादा है। तीन रॉड वाले हीटर को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

सैकड़ों लोगों ने कोतवाली घेरी, प्रधान के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ग्राम सभा लांबाखेड़ा के प्रधान पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कई गांव के लोगों ने कोतवाल पहुंच प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। एसएसआई ललित मोहन रावल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। रविवार की देर रात्रि लंबाखेड़ा के ग्राम प्रधान विक्रम सिंह पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को गुस्साएं कई गांव के लोग एकत्रित होकर कोतवाली पहुंचे। यह लोग पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर,पूर्व पंचायत सदस्य राजेश बजाज के नेतृत्व में पहुंचे। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही प्रधान के हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होती है,तो आंदोलन किया जाएंगा।

उनका कहना था कि लंबाखेड़ा के प्रधान विक्रम सिंह पर सोची समझी साजिश के तहत घात लगाकर हमला किया गया। हमलावरों ने पाटल से गर्दन पर वार किया था,लेकिन प्रधान ने प्रहार को हाथ से रोक दिया। इसके बाद हमलावरों ने ताबड़तोड़ हमलाकर घायल कर दिया। आनन फानन में घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत नाजुक बनी हुई है। हमलावरों की मंशा हत्या करना थी। बावजूद इस के कई घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा,जबकि घटनास्थल पर कई सीसीटीवी कैमरे कैद है। उन्होंने एसएसआई से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। एसएसआई ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इह दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष रवींद्र सिंह,नरेश तपाली, सोमनाथ बाटला, संजय ठुकराल, तनु बाटला, वीरेंद्र जुनेजा, सनी वासन, राकेश बाटला, अशोक वासन, अमर सिंह, सूरज सिंह, विनोद बत्रा, सरबजीत सिंह, अनुराग बत्रा, राम सिंह, राजन, सुनील, पिंटू, रवि, ध्यान सिंह, मुकेश, अक्षय मदान, अंकि त बाटला,कालू बत्रा, दीपक सागर, सुशील सागर आदि मौजूद र हे। एसएसआई ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

ससुरालियों पर लगाया दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एक महिला ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ घरेलू हिंसा और दहेज मांगने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहम्मदी मस्जिद इंद्रानगर निवासी निदा पुत्री मेहमूद हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 23 मई 2022 को मुस्लिम रीति-रिवाज से रेहान पुत्र स्व. छोटे सिद्दीकी निवासी मोहम्मदी मस्जिद इंद्रा नगर के साथ हुआ था। उसने बताया कि उसके मायके वालों ने दहेज में काफी सामान दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। निदा ने आरोप लगाया कि उसे दहेज में मोटरसाइकिल देने के लिए दबाव बनाया गया, और इसी को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। गंभीर आरोप लगाते हुए निदा ने कहा कि उसके पति ने अप्राकृतिक मैथुन का सहारा लिया, जिसके बारे में उसने सास से शिकायत की, लेकिन उन्हें कोई सहायता नहीं मिली। निदा ने बताया कि 17 जनवरी 2023 को उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया और उसके सोने के जेवरात और दहेज का सामान भी अपने कब्जे में ले लिया। पिछले साल, निदा ने अपने पति की हरकतों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन उसके ससुराल वालों ने उसे समझा-बुझाकर माफी मांगने का प्रयास किया। निदा ने कहा कि इसके बाद उसने अपने पति के साथ एक अलग किराए के मकान में रहने का निर्णय लिया, लेकिन हालात में सुधार नहीं आया। 26 सितंबर 2024 को, उसके पति ने उसे वाट्सऐप पर तीन तलाक भेजा, जिससे वह और अधिक सदमे में आ गई। निदा ने बताया कि उसके पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसके परिवार को भी डराने-धमकाने का प्रयास किया। अब, निदा ने पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की है। उसने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया है कि उसकी जानकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण उसका पति और परिवार वाले अब भी उसे परेशान कर रहे हैं। उसने ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

आकृति सोसायटी द्वारा आयोजित दीपावली मेला 2024 का रंगारंग आगाज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आकृति सोसायटी द्वारा आयोजित मेले का शुभारंभ सांसद अजय भट्ट के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रान्तीय कार्यालय सचिव कौस्तुभा नंद जोशी प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष मधुकर बनोला, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति में रंगारंग कार्यक्रम से मेले का आगाज हुआ, आज पहले दिन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलांजला म्यूजिक डांस एकेडमी ,आकृति सोसायटी, आकृति ऐंजल एकेडमी,कुंदन लाल जी, स्नेहा के द्वारा प्रस्तुति दी गयी, आज कार्यक्रम में सोसायटी अध्यक्ष कुसुम दिगारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।कार्यक्रम में शांति जीना, शर्मिला मित्रा, ममता बिस्ट, गीता बिस्ट, भगवती बिस्ट, गरिमा शर्मा, डॉ नीरज वार्ष्णेय, अमित भारद्वाज, शोभा बिनवाल, हिमानी पंत, कोमल कार्की, तनिष्का राठौर कर्णवीर दिगारी, अर्जिता सिंह उर्वशी बोरा, आदि सोसायटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा किया गया।

विद्यार्थियों को वोटर आईडी कार्ड के संबंध में जानकारी दी

नैनीताल । राजकीय पॉलीटेक्निक में विद्यार्थियों को वोटर आईडी कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। संस्थान के नोडल अधिकारी मुकेश कुमार ने मतदान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया, इसके साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को वोटर आईडी कार्ड बनाने की अपील की। इस मौके पर जिला निर्वाचन कार्यालय नैनीताल से नीरज शाह समेत सुधीर कुमार, श्रीसंत जोशी तथा गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत आज करेंगे नामांकन

देहरादून

हमारे संवाददाता

केदारनाथ विधानसभा के उपचुनाव के लिए कांग्रेस से पूर्व विधायक मनोज रावत को प्रत्याशी बनाने का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। इस मौके पर पार्टीजनों ने प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय बनाने का संकल्प लिया। सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

रविवार को देहरादून से यहां पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत का पार्टीजनों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल है। पार्टी हाईकमान ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने पार्टी हाईकमान व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष हरीश गुसाईं ने बताया कि सोमवार को ऊखीमठ तहसील में नामांकन किया जाएगा।

एक अदद चाकू समेत युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। पुलिस ने एक युवक को एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कसगोदाम थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस टीम जब चम्बल पुल के पास पहुंची तभी वहां पर खड़े एक युवक को पकड़ लिया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास एक अदद चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कृष्णा विश्वास पुत्र भोला विश्वास निवासी ग्राम गवईया थाना माधव टांडा जिला पीलीभीत बताया।

पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल में शनिवार को वृहद वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। बता दें कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नैनीताल जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा थे जबकि अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक कामेश्वर प्रसाद काला ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार अग्रवाल (श्याम जी), उपाध्यक्ष अजय अरोड़ा तथा प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में सांस्कृतिक, शारीरिक तथा शैक्षिक और सहशैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कक्षा, वर्ग और सदन स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्रों को विभिन्न श्रेणियों में 21 प्रकार के पुरस्कार प्रदान किए गए। आंतरिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में सनातन कुकरेती कक्षा 6,अयांश भूषण कक्षा 6 तथा तेजस प्रताप कक्षा 7 व अनंव कक्षा 7 और अनुपम प्रताप सिंह कक्षा 11 सहित अन्य छात्रों को उनकी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा में 97.8 फीसदी अंक के साथ प्रथम स्थान पाने वाले अनंत अग्रवाल को शील्ड देकर सम्मानित किया गया जबकि अमृतांशु और वैभव त्यागी ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गयाए जिनमें आदित्य सिंह चौहान (95.8फीसदी) तथा शौर्य गुप्ता (95.6फीसदी) और अभिनव सोनी (94.8फीसदी) शामिल थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पुरस्कार वितरण समारोह मुझे अपने विद्यालय के दिनों की याद दिला रहा है। इस तरह के पुरस्कार विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आगे बढने् की प्रेरणा उत्पन्न करते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि हमारे अधिकाधिक छात्रों को सम्मानित किया जाए ताकि उनकी शैक्षिक और सहशैक्षिक क्षमताओं का निरंतर विकास हो सके। संचालन अतुल पाठक तथा निपेन्द्र कुमार चौहान तथा और निर्दोष शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कुमाऊं विवि के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.अजय अरोरा भी मौजूद रहे। अंत में मीडिया प्रभारी डा.माधव प्रसाद त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया।